श्री डूंगरगढ़ टाइम्स

सच की ताकत, खबरों के साथ

9414917401 ♦ शुक्रवार ♦ 20 नवम्बर, 2026 ♦ Email : sridungargartimes@gmail.com ♦ अंक - 920

बदला मौसम, बढ़ने लगी सर्दी, बच्चों और बुजुर्गों की सेहत का रखें खास ख्याल- बरसात के बाद तापमान में गिरावट, विशेषज्ञों ने मौसमी बीमारियों से बचाव की सलाह





श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 20 नवंबर 2026। गत दिनों हुई बरसात के बाद क्षेत्र में मौसम का मिजाज बदल गया है। सुबह-शाम के साथ अब दिन में भी हल्की सर्दी का एहसास होने लगा है। बदलते मौसम के साथ सर्दी-जुकाम, खांसी और सांस संबंधी परेशानियों की आशंका भी बढ़ने लगी है। ऐसे में बच्चों और बुजुर्गों को विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजीव सोनी और उपजिला अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. एसएस नांगल ने आमजन को सर्दी से बचाव, उचित खानपान और स्वास्थ्य संबंधी सावधानियां अपनाने की सलाह दी है। डॉ. राजीव सोनी और डॉ एसएस नांगल ने बताया कि सर्दी के मौसम में थोड़ी सी लापरवाही बच्चों को सर्दी-जुकाम और सांस संबंधी परेशानी दे सकती है। वहीं बुजुर्गों में बीपी, शुगर और हृदय रोग जैसी समस्याओं का जोखिम बढ़ सकता है। पर्याप्त गर्म कपड़े पहनना, पौष्टिक भोजन लेना, नियमित दिनचर्या अपनाना और बीमारी के लक्षण दिखने पर समय पर चिकित्सकीय परामर्श लेना जरूरी है।

बच्चों को ठंड से बचाने के लिए रखें ख्याल

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स। छोटे बच्चों को एक मोटे कपड़े के बजाय दो-तीन हल्की गर्म परतों में कपड़े पहनाएं और कमरे का तापमान आराम दायक रखें। सुबह की ठंड और तेज हवा में छोटे बच्चों को बाहर ले जाने से बचें। उनके खानपान में पौष्टिक भोजन और पर्याप्त तरल पदार्थ शामिल करें। बच्चों को खुद से दवाइयां न दें तथा डॉक्टर की सलाह के बिना सर्दी-खांसी की दवाएं या एंटीबायोटिक न दें। नवजात के दूध पीने में कमी या सांस लेने में परेशानी होने पर तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें। तीन माह से कम उम्र के शिशु का तापमान 38 डिग्री सेल्सियस या इससे अधिक होने पर तत्काल डॉक्टर को दिखाएं।

बुजुर्ग सुबह की ठंड में बाहर निकलने से बचें

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स। बुजुर्गों को ठंड और कोहरे के दौरान सुबह जल्दी बाहर जाने से बचना चाहिए। धूप निकलने के बाद टहलना बेहतर है। बीपी, शुगर और हृदय रोग से संबंधित दवाइयां नियमित रूप से लें। शरीर को गर्म रखने के लिए सिर, कान, गर्दन, हाथ और पैरों को ढककर रखें। हल्का व्यायाम करें और मौसमी सब्जियां, दालें, फल व प्रोटीन युक्त आहार लें। सीने में दर्द, सांस फूलना, असामान्य कमजोरी, भ्रम, अत्यधिक कंपकंपी या बेहोशी जैसे लक्षण होने पर तुरंत अस्पताल पहुंचें।

महिलाएं भी बरतें विशेष सावधानी

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स। महिलाएं पर्याप्त गर्म कपड़े पहनें और पौष्टिक भोजन के साथ नियमित स्वास्थ्य जांच करवाएं। स्तनपान कराने वाली महिलाएं पर्याप्त भोजन और पानी लें। एनीमिया से बचाव के लिए आयरन व फोलिक एसिड युक्त आहार शामिल करें। त्वचा को रूखेपन से बचाने के लिए मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल करें। कामकाजी महिलाएं सुबह-शाम बाहर निकलते समय सिर, कान और गर्दन ढककर रखें। लंबे समय तक ठंड में खुले में काम करने से बचें। संक्रमण से बचाव के लिए हाथों की सफाई, पर्याप्त नींद और समय पर स्वास्थ्य जांच का ध्यान रखें।

जमानत देने से इंकार करने पर काट डाली युवक की अंगुलिया, एक दंपत्ति सहित तीन के खिलाफ लगाए आरोप, मामला दर्ज

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 20 नवंबर 2026। बेटे की जमानत देने के लिए एक युवक को घर से ले जाने और इंकार करने पर उसकी अंगुलिया काट देने, सूनसान जगह पर मरने के लिए छोड़ देने के आरोप में एक दंपत्ती सहित तीन के खिलाफ आरोप लगाते हुए श्रीडूंगरगढ़ थाने में मामला दर्ज हुआ है। 39 वर्षीय लेखराम पुत्र सुरजाराम मेघवाल निवासी कल्याणसर पुराना ने इसी गांव के रामचंद्र जाट, उसकी पत्नी, लच्छाराम के खिलाफ आरोप लगाए। परिवादी ने पुलिस को बताया कि 11 नवंबर 2026 की सुबह 10.30 बजे उसके भाई तेजाराम को आरोपी अपने साथ घर से ले गए। परिवादी की माँ सोहनी देवी को उसे काम से ले जाने व शाम को वापिस घर छोड़ देने की बात कही। जब माँ ने काम पूछा तो आरोपियों ने कुछ नहीं बताया तो माँ ने तेजाराम को ले जाने से मना कर दिया। तब रामचंद्र ने अपने बेटे की जमानत तेजाराम से भरवाने व उसके बाद वापिस घर छोड़ देने की बात कही। शाम को तेजाराम घर नहीं लौटा तो परिवादी ने उसकी तलाश शुरू की। परिवादी ने अपने ही गांव में ड्राईवरी करने वाले बजरंग से पूछताछ की और उसे लेकर ढूंढने निकला। आरोपी ने फोन पर उसके भाई के 1500 किलोमीटर दूर होने व उसे ले आने की बात कही। परिवादी को जानकारी मिली की तेजाराम मध्यप्रदेश में गणगौर होटल पर है। परिवादी वहां पहुंचा और होटल मालिक से पूछताछ कर अपने भाई के पास पहुंचा तो देखा वह एक सूनसान जगह पर खून से लथपथ कच्छा बनियान में बैठा था। उसके दाएं हाथ की अंगुलिया कटी हुई थी और घबराया हुआ पीड़ित कुछ नहीं बता पाया। परिवादी ने पीबीएम अस्पताल लाकर उसका ईलाज करवाया जहां डॉक्टरों हाथ काटे जाने की जानकारी दी है। परिवादी ने बताया कि पीड़ित खौफ में है और कुछ भी नहीं बता पा रहा है। उसकी पत्नी व एक बच्चा उसपर आश्रित है और आरोपियों ने जानबूझकर उसके हाथ की अंगुलिया काट दी और उसे मरने के लिए छोड़ दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच सीओ निकेत पारीक को दी गई है।

नगरपालिका में भाजपा हुई मजबूत, तीन कांग्रेस पार्षद हुए शामिल- विधायक ने किया स्वागत, पार्षदों ने श्रीडूंगरगढ़ के विकास के लिए साथ आने की कही बात, गूंजे नारे

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 20 नवंबर 2026। नगरपालिका की राजनीति में गुरुवार को एक नया घटनाक्रम सामने आया। विधायक सेवा केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस के तीन पार्षदों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। विधायक ताराचंद सारस्वत ने पार्षद संजय करनाणी, सत्यना रायण जाट और लालसिंह को भाजपा का दुपट्टा व साफा पहनाकर पार्टी में शामिल करवाया। इस दौरान पालिकाध्यक्ष नारायण कलाणी और उपाध्यक्ष विनोद गिरी गुसाई ने फूलमालाएं पहनाकर तीनों का स्वागत किया। कार्यक्रम में मौजूद भाजपा कार्यक र्ताओं ने नारेबाजी के साथ नए सदस्यों का अभिनंदन किया। विधायक ताराचंद सार स्वत ने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के कार्यों तथा संगठन के नेतृत्व से प्रभावित होकर लोग भाजपा से जुड़ रहे हैं। पार्षद संजय करनाणी ने कहा कि विधायक सारस्वत की कार्यशैली से प्रभावित होकर उन्होंने भाजपा में शामिल होने का निर्णय लिया है। वहीं सत्यनारायण जाट और लालसिंह ने कहा कि श्रीडूंगरगढ़ के विकास के उद्देश्य से वे भाजपा के साथ आए हैं। पालिकाध्यक्ष नारायण कलाणी ने कहा कि उनकी भी इच्छा थी कि पार्षद साथ आएं और मिलकर शहरहित के कार्यों को आगे बढ़ाएं। उपाध्यक्ष विनोद गिरी गुसाई ने तीनों पार्षदों का स्वागत करते हुए कहा कि क्षेत्र में सबका साथ, सबका विकास के ध्येय को सार्थक करते हुए सभी को मिलकर श्रीडूंगरगढ़ के विकास में योगदान देना है। इस अवसर पर पार्षद प्रतिनिधि ओमप्रकाश नाई, नानूराम कुचेरिया, पार्षद पवन उपाध्याय, भरत सुथार, अशोक सोनी, पार्षद रोशन छींपा, दिलीपसिंह तंवर, मूलचंद इन्दौरिया, गजानंद दाधीच, मदन सोनी, नीरनाथ सिद्ध, एडवोकेट चंद्रप्रकाश बारूपाल, हेमराज भादानी, विनोद राजपुरोहित सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बिजली कटौती - आज क्षेत्र में आधा दर्जन 33 केवी फीडर की आपूर्ति होगी बाधित

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 20 नवंबर 2026। आज शुक्रवार को श्रीडूंगरगढ़ क्षेत्र में आधा दर्जन 33 केवी फीडर बिजली कटौती से प्रभावित होंगे। विभागीय अधिकारी राजूराम मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि 132 केवी रीड़ी ऊपनी लाइन पर जरूरी रखरखाव का कार्य किया जाएगा। इस लाइन पर कल सुबह करीब तीन घंटे का शटडाउन लिया जाएगा। इस लाइन से जुड़े सभी फीडर 20 नवंबर की सुबह 7 बजे से 10 बजे तक बंद रहेंगे। इससे 33 केवी फीडर ऊपनी, राजेडू, बापेऊ, कल्याणसर, दुसारना और रामदेवरा फीडर की सप्लाई बाधित होगी।


अणुव्रत सर्किल पर तोड़ फोड़ के विरोध में रोष, अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 20 नवंबर 2026। नेशनल हाइवे पर कालू मोड़ के तिराहे पर स्थित अणुव्रत सर्किल की भूमि पर अवैध रूप से घुसकर 18 नवंबर की रात अज्ञात लोगों द्वारा तोड़ फोड़ की गई। घटना से अणुव्रत समिति सदस्यों सहित जैन समाज के लोगों में आक्रोश है। समिति सदस्यों ने नाराजगी जताते हुए पुलिस से त्वरित व सख्त कार्रवाई की मांग की है। समिति के मंत्री एडवोकेट रणवीरसिंह खिची की परिवाद देने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया। मामले की जांच एएसआई आवड़दान द्वारा शुरू कर दी गई है। विदित रहें सर्किल पर अणुव्रत समिति द्वारा बोर्ड लगवाकर चार दीवारी, तार पट्टी, मिट्टी भराव व पौधारोपण का कार्य गत करीब दो दशकों से किया जाता रहा है। सर्किल की भूमि पर घुसकर 18 नवंबर की रात करीब 3.30 बजे अज्ञात लोगों ने ट्रेक्टर व लोढर से यहां लगाए गए नीम के पेड़ तोड़ डाले। सर्किल से तारपट्टी व बोर्ड तोड़कर चोरी कर ले गए। घटना के बाद जैन समाज के अनेक लोगों सहित अणुव्रत समिति के सदस्यों में रोष व्याप्त है। विदित रहे कि कुछ ही समय बाद आचार्यश्री महाश्रमण का भी श्रीडूंगरगढ़ प्रवास है एवं उससे पहले यह घटना होने से प्रशासन भी इसे गम्भीरता से ले रहा है। थानाधिकारी कश्यप सिंह ने बताया कि घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों की रिकार्डिंग निकलवाई जा रही है। एवं दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी।

क्रॉस वोटिंग के लग रहे थे आरोप, गुसाई की रणनीति सफल



श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स। लंबे समय से कांग्रेस में रहें तीन कांग्रेसी पार्षदों के भाजपा में शामिल होने से नगरपालिका के राजनीतिक समीकरण एकबार फिर चर्चा में आ गए है। विदित रहें उपाध्यक्ष चुनाव में भाजपा से अधिक वोट विनोद गिरी गुसाई को मिले थे। उसके बाद से ही इन तीनों पार्षदों पर क्रॉस वोटिंग के आरोप लग रहे थे। गत कांग्रेसी कार्यक्रमों में भी ये नजर नहीं आए। अलग थलग पड़े पार्षदों को गुसाई भाजपा में लाने में कामयाब रहें। गत तीन दिन से लगातार इनके विधिवत शामिल होने की चर्चाएं थी। कांग्रेसी खेमे में भी ये चर्चाएं तेज थी और आखिरकार गुरूवार को स्वागत समारोह के रूप में ये भाजपा में शामिल हो गए है। नगरपालिका में भाजपा को मजबूत करने की गुसाई की रणनीति इसमें सफल हुई है।





कृषि विभाग की बड़ी कार्रवाई, नकली डीएपी की आशंका- 470 बैग डीएपी से भरा ट्रक जब्त, गुजरात से लाया जा रहा था उर्वरक, चालक के खिलाफ मामला दर्ज



श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 20 नवंबर 2026। इन दिनों किसानों को उर्वरक की खासी जरूरत है और केंद्रो के बाहर लंबी कतारें नजर आ रही है। बीकानेर जिले के जसरासर में कृषि विभाग ने नकली डीएपी की आशंका पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 470 बैग उर्वरक से भरा ट्रक जब्त किया है। ट्रक में इफको कंपनी के नाम से डीएपी खाद के बैग भरे हुए थे। प्रथम दृष्ट्या उर्वरक संदिग्ध प्रतीत होने पर विभागीय टीम ने ट्रक सहित पूरी खेप को कब्जे में ले लिया। कृषि विभाग के सहायक निदेशक सुरेंद्र मारू ने बताया कि जब्त ट्रक के चालक शिवराज भादू निवासी जेगला गोगलियां ने अपने बयान में बताया कि वह गुजरात से यह उर्वरक भरकर लाया है। भोजेरा निवासी सीताराम ज्यानी ने यह खेप यहां भेजी थी। विभागीय टीम ने डीएपी के नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भिजवाने की प्रक्रिया शुरू की है। वहीं चालक के खिलाफ पुलिस थाना जामसर में एफआईआर दर्ज करवाने की कार्रवाई की गई है। मारू ने बताया कि जब्त उर्वरक को स्थानीय ग्राम सेवा सहकारी समिति के सुपुर्द किया गया। कार्रवाई करने वाली टीम में सहायक निदेशक नोखा राजूराम डोगीवाल, कृषि अधिकारी मामराज, गिरिराज, सहायक कृषि अधिकारी राजेश कुमार तथा कृषि अन्वेषक विनोद कुमार सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

सोलर प्लांट की आड़ में काट डाली हरी खेजड़िया, मौके पर पहुंची पुलिस, की कार्रवाई



श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 20 नवंबर 2026। क्षेत्र में सोलर प्लांट की आड़ में खेजड़ी सहित अन्य पेड़ धड़ाधड़ काटे जा रहें है। लगातार ऐसी घटनाएं सामने आ रही है। गुरूवार रात के अंधेरे में मोमासर गांव की उत्तरादी रोही में एक खेत में सोलर प्लांट के नाम पर खेजड़ी सहित अन्य हरे पेड़ काटे जा रहें थे। मुखबीर से सूचना पर थानाधिकारी कश्यप सिंह ने पुलिस टीम को रवाना किया। एएसआई देवाराम, हैड कांस्टेबल झूमरराम व लेखराम, कांस्टेबल नरेंद्रसिंह, कैलाश व महेश की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस दल को देखते ही पेड़ काट रहें लोग अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए यहां खेजड़ी सहित अन्य हरे पेड़ काटकर भरी गई पिकअप जब्त कर ली। वहीं एक ट्रेक्टर में कटाई के उपयोग में काम आने वाले उपकरण भी मिले। पुलिस ने वन विभाग की टीम को मौके पर बुलाकर पिकअप व सामान उनके सुपुर्द कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार वन विभाग द्वारा मामला दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है।

वोट देने ससुराल आई विवाहिता को घर में नहीं घुसने दिया, मारपीट कर बच्चों सहित निकाला, पति ससुर सहित पांच पर लगाए आरोप

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 20 नवंबर 2026। 5 नवंबर 2026 को अपने ससुराल वोट देने आई विवाहिता को पति, ससुर व अन्य आरोपियों ने घर में नहीं घुसने दिया व मारपीट कर निकाल दिया। पीड़िता ने थाने पहुंच दहेज प्रताड़ना के आरोप लगाते हुए दूसरी बार मामला दर्ज करवाया है। गांव कुनपालसर निवासी सरिता पुत्री राजूराम जाट ने सिंवरो की ढाणी, बीदासर निवासी अपने पति कन्हैयालाल जाट, ससुर डालुराम जाट, जेठ मूलचंद, ननद धर्मादेवी, नणदोई कानाराम के खिलाफ आरोप लगाए है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसका विवाह 2019 में आरोपी पति के साथ हुआ व उसी समय उसकी बड़ी बहन सुमन का विवाह जेठ के साथ हुआ। सुमन की मृत्यु हो गई और उसका सभी दहेज का सामान ससुराल वालों के पास ही है। उसके पिता ने विवाह में दहेज का सभी सामान, 1 लाख 11 हजार नगदी, 26 बैस, सोने का रखड़ी सेट व हाफ सेट, चांदी की पायलें आदि दिए। आरोपियों ने विवाह के बाद उसे दहेज के लिए तंग परेशान करने लगे। आरोपियों ने दो लाख नगदी व एक मोटरसाइकिल पीहर से लोकर देने के धमकाया। 3 जून 2024 को आरोपियों ने उसे मारपीट कर बच्चों सहित घर से निकाल दिया। तब भी पीड़िता ने पुलिस थाने में मामला दर्ज करवाया था। उस समय वह आरोपियों की बातों में आ गई और उनसे राजीनामा कर लिया। उसके बाद उसका पति उसे लेकर जोधपुर चला गया। पति शराब के नशे में आए दिन उसके साथ मारपीट करता व दहेज की मांग दोहराता। गत दिनों 5 नवंबर 2026 को वह वोट देने ससुराल आई तो आरोपियों ने उसे घर में घुसने नहीं दिया। उसके साथ मारपीट कर बच्चों सहित घर से निकाल दिया। पीड़िता के पीहर पहुंची तो पिता सहित परिजनों ने पंच पंचायती करते हुए समझाईश के प्रयास किए। परंतु आरोपी नहीं माने और बिना दहेज के घर बसाने से इंकार कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

श्रीडूंगरगढ़ थाना पुलिस ने तीन अलग अलग मामलों में तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

♦ एएसआई भंवरू खां ने एक चोर को पकड़ा

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 20 नवंबर 2026। श्रीडूंगरगढ़ पुलिस ने बुधवार को क्षेत्र के गांव गुसाईसर बड़ा में हुई एक चर्चित चोरी के मामले में एक चोर को गिरफ्तार किया है। मामले की जांच कर रहें एएसआई भंवरूखां ने चोरी के आरोप में बीरबल उर्फ धोल्या पुत्र प्रह्लाद बावरिया निवासी बिलाणा जोहड़ा, बीदासर को अरेस्ट किया। पुलिस ने बुधवार शाम को आरोपी को गिरफ्तार कर हवालात में बंद किया। गुरूवार को उसे कोर्ट में पेश कर 23 नवंबर तक रिमांड पर लिया है। विदित रहें इस मामले में चोरों ने दिन दहाड़े दयालराम गोदारा के घर में घुसकर भारी औजारों से टनों भारी तिजोरी को तोड़कर गहने व नगदी पार कर लिए थे। परिवार इससे बुरी तरह से मायूस हुआ। परिवार व ग्रामीण लगातार चोरों की गिरफ्तारी की मांग कर रहें थे। ऐसे में पुलिस की इस सफलता से अन्य चोरी के मामले खुलने की भी उम्मीद जताई जा रही है।

♦ झटका तार से महिला की मौत के मामले में एक आरोपी अरेस्ट

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 20 नवंबर 2026। गांव मोमासर में 22 जुलाई 2026 को सीलूदेवी पत्नी ताराचंद मेघवाल की झटका तार से मौत हो जाने के बाद पड़ौसी के खिलाफ दर्ज मामले में कार्रवाई करते हुए जांच अधिकारी एएसआई भगवानाराम ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। भगवानाराम ने बताया कि मामले में आरोपी लूणाराम भामू को गिरफ्तार गुरूवार को कोर्ट में पेश किया व कोर्ट ने उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया।

♦ मारपीट के मामले में एक आरोपी को किया गिरफ्तार

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 20 नवंबर 2026। परिवादी फतेहसिंह द्वारा पड़ौसी के खिलाफ दर्ज मारपीट के मामले में जांच अधिकारी एसआई राजेंद्र कुमार ने एक आरोपी को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। राजेंद्र कुमार ने बताया कि रास्ता रोककर मारपीट करने व गाड़ी के शीशे तोड़ने के मामले में आरोपी देवकरण माली निवासी प्रताप बस्ती को गिरफ्तार कर लिया गया। इसे गुरूवार को कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है।

फर्जीवाड़े से संपत्ती हड़पने के मामले में सूदखोर की जमानत याचिका दूसरी बार खारिज

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 20 नवंबर 2026। श्रीडूंगरगढ़ क्षेत्र में 20 रूपए सैंकड़ा तक चक्रवर्ती ब्याज वसूल करने और फर्जीवाड़े से पीड़ित की जमीन हड़पने के आरोप में आरोपी की जमानत याचिका गुरूवार दूसरी बार कोर्ट ने खारिज कर दी है। अपर लोक अभियोजक सोहननाथ सिद्ध ने जानकारी देते हुए बताया कि अपर सेशन न्यायाधीश राजपाल सिंह ने सूदखोर आरोपी दौलतराम घिंटाला की जमानत याचिका खारिज कर उसे पुनः जेल भेज दिया है। परिवादी ओमप्रकाश तिवाड़ी निवासी कालूबास द्वारा दर्ज प्रकरण में फर्जी इकरारनामे, फर्जी दस्तावेज, बिना परिवादी के हस्ताक्षर के फर्जी विक्रय पत्र बनवाने के आरोप लगाए। परिवादी द्वारा विक्रय पत्र दौलतराम, भंवरलाल, ओमप्रकाश, बाबूलाल, रामचंद्र व सुशील द्वारा षड्यंत्र पूर्वक फर्जी व कुटरचित विक्रय पत्र बनाकर उसकी भूमि हड़पने के लिए तैयार करवाने के आरोप लगाए गए। मामले में पुलिस द्वारा जांच के दौरान आरोप प्रमाणित पाए गए व 17 नवंबर को जमानत खारिज की जा चुकी है। कोर्ट ने अपराध की गंभीरता देखते हुए गुरूवार को आरोपी को जमानत का लाभ नहीं देते हुए याचिका खारिज करने का आदेश दिया। विदित रहें थानाधिकारी कश्यप सिंह राघव मामले की जांच कर रहें है। राघव ने आरोपी को 16 नवंबर तक रिमांड पर लिया व उसके बाद उसे जेल भेज दिया गया था।

नवसृजित ग्राम पंचायत में विकास का संकल्प लेकर पार्वती देवी ने संभाला सरपंच का कार्यभार, ग्रामीणों ने किया सम्मान





श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 20 नवंबर 2026। पंचायती राज चुनावों में शुक्रवार को जिला परिषद व पंचायत समिति सदस्यों के चुनाव परिणाम जारी होंगे। राजनीतिक हलकों में उत्साह का माहौल छाया है। ऐसे में क्षेत्र की नवसृजित ग्राम पंचायत कोटासर की नवनिर्वाचित सरपंच पार्वती देवी पत्नी राजूराम सारण ने गुरुवार को विधिवत कार्यभार ग्रहण किया। ग्राम विकास अधिकारी सुदर्शन महिया ने चार्ज सौंपने की प्रक्रिया पूरी करवाई। सरपंच ने गांव में सड़क पानी व बिजली के लिए पूरे प्रयास करते हुए विकास करवाने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर उप सरपंच विमला देवी पत्नी रूपाराम नायक, पूर्व सरपंच संजू कंवर पत्नी शेरसिंह चौहान, वार्ड पंच नरसीराम, मंजू नायक, पुष्पा कंवर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने नई पंचायत में पहली निर्वाचित सरपंच बनने की शुभ कामनाएं देते हुए पार्वती देवी का स्वागत किया। कार्यभार ग्रहण के साथ ही ग्राम पंचायत में नए कार्यकाल की शुरुआत होने पर ग्रामीणों ने एक दूसरे का मुंह मीठा करवाते हुए बधाई दी।

भारत ने पहले मैच में न्यूज़ीलैंड को 3-2 से हराया

भारत ने गुरुवार को 2026 इंडिया-न्यूज़ीलैंड सेंचुरी ऑफ स्पोर्टिंग यूनिटी इवेंट के पहले मैच में मेज़बान टीम को 3-2 से हराकर न्यूज़ीलैंड के खिलाफ़ अपनी तीन मैचों की हॉकी सीरीज़ की शुरुआत की। लॉयड एल्समोर हॉकी स्टेडियम में यह मुकाबला काफ़ी करीबी रहा, जिसमें भारत ने शुरुआती झटके से उबरकर दूसरे हाफ़ में मैच अपने नाम कर लिया। न्यूज़ीलैंड ने 25वें मिनट में जोंटी एल्म्स को मिले पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके बढ़त बना ली। हालांकि, भारत ने लगभग तुरंत ही उत्तम सिंह के गोल से बराबरी कर ली, जिन्होंने उसी मिनट में एक फ़ील्ड गोल किया। भारत ने 38वें मिनट में शारदानंद तिवारी के फ़ील्ड गोल से बढ़त बना ली। इसके बाद कप्तान संजय ने 43वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके स्कोर 3-1 कर दिया, जिससे मेहमान टीम मज़बूत स्थिति में आ गई। ,न्यूज़ीलैंड ने हार नहीं मानी और आखिरी पलों में भी दबाव बनाए रखा। उनकी कोशिशें 55वें मिनट में रंग लाईं, जब सैम हिहा ने फील्ड गोल करके मेजबान टीम को एक गोल के करीब ला दिया।

चिकित्सा शिक्षा विभाग में 23 विशिष्टताओं में 209 सहायक आचार्यों के नियुक्ति आदेश जारी

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने बताया कि प्रदेश के चिकित्सा महाविद्यालयों में फैकल्टी की उपलब्धता बढ़ाने की दिशा में चिकित्सा शिक्षा विभाग ने 23 विशिष्टताओं में 209 चयनित सहायक आचार्यों के नियुक्ति आदेश जारी किए हैं। इससे चिकित्सा शिक्षा की गुणवत्ता के साथ विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाओं को भी मजबूती मिलेगी। श्री खींवसर ने बताया कि वर्ष 2021 में सहायक आचार्य भर्ती के लिए विज्ञप्ति जारी की गई थी, लेकिन विभिन्न न्यायालयीन प्रकरणों के कारण भर्ती प्रक्रिया पर रोक लगी हुई थी। गत 6 नवम्बर 2026 को न्यायालय से रोक हटने के बाद विभाग ने आवश्यक कार्यवाही पूरी कर 18 नवम्बर को 209 अभ्यर्थियों के नियुक्ति आदेश जारी कर दिए हैं। शेष अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर से प्राप्त होने पर उनके नियुक्ति आदेश भी नियमानुसार जारी किए जाएंगे। प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य श्रीमती गायत्री राठौड़ ने बताया कि जारी नियुक्तियों में जनरल सर्जरी के सर्वाधिक 41, स्त्री एवं प्रसूति रोग के 39, जनरल मेडिसिन के 31, शिशु रोग के 21, निश्चेतन के 20 तथा रेडियोडायग्नोसिस के 16 सहायक आचार्य शामिल हैं। इसके अतिरिक्त कार्डियोलॉजी एवं मेडिकल ऑन्कोलॉजी में 6-6, कार्डियो थोरेसिक एवं वैस्कुलर सर्जरी में 5, नेत्र रोग में 4 तथा एनाटॉमी में 3 अभ्यर्थियों को नियुक्ति दी गई है। उन्होंने बताया कि सर्जिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, यूरोलॉजी, फार्माकोलॉजी, फिजियोलॉजी एवं माइक्रोबायोलॉजी में भी सहायक आचार्यों को नियुक्ति प्रदान की गई है। इसके अलावा पीडियाट्रिक कार्डियोलॉजी, पीएण्डएसएम, डेंटल प्रोस्थेटिक्स, हेड एंड नेक कैंसर सर्जरी, न्यूरोलॉजी, प्लास्टिक एंड रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी, सर्जिकल ऑन्कोलॉजी एवं बायोकेमिस्ट्री सहित अन्य विशिष्टताओं में भी नियुक्तियां की गई हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार चिकित्सा महाविद्यालयों में शिक्षकों की उपलब्धता बढ़ाने, गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा शिक्षा को प्रोत्साहित करने तथा आमजन को बेहतर विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।



परमाणु हथियारों में कटौती के लिए अमेरिका, रूस और चीन विशिष्ट स्थिति में - ट्रंप

दुनिया की तीन सबसे बड़ी परमाणु शक्तियों के नेताओं की अभूतपूर्व शिखर बैठक में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को परमाणु हथियारों में कटौती, वैश्विक सुरक्षा और यूक्रेन युद्ध पर अमेरिका, रूस और चीन के बीच अधिक सहयोग का आह्वान किया। उन्होंने तीनों देशों की त्रिपक्षीय बैठक को सुरक्षित भविष्य की दिशा तय करने का ऐतिहासिक अवसर बताया। श्री ट्रंप ने कहा, ÷संपर्क और बातचीत के अवसरों को ठुकराकर कभी शांति स्थापित नहीं की गई।÷ रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ बैठक में उन्होंने उम्मीद जताते हुए कहा, ÷देखते हैं कि हम क्या हासिल कर सकते हैं। तीनों देशों के बीच पहली त्रिपक्षीय बैठक को संबोधित करते हुए श्री ट्रंप ने कहा कि दुनिया के तीन सबसे बड़े देशों के राष्ट्रपतियों के रूप में उन पर न केवल अपने देशों के लोगों, बल्कि पूरी दुनिया को प्रभावित करने वाले मुद्दों पर खुला और सार्थक संवाद बनाए रखने की विशेष जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, ÷दुनिया के तीन सबसे बड़े देशों के राष्ट्रपतियों के रूप में हमारी विशेष जिम्मेदारी है कि हम ऐसे मुद्दों पर खुला, सम्मानजनक और सार्थक संवाद बनाए रखें, जो न केवल हमारे लोगों, बल्कि पूरी दुनिया को प्रभावित करते हैं। श्री ट्रंप ने कहा कि रूस और चीन के अपने समकक्षों के साथ पहली बार संयुक्त बैठक कर वह विदेश नीति में एक अलग राह अपना रहे हैं। श्री ट्रंप ने कहा कि पूर्व के नेता अक्सर उन देशों के साथ बातचीत से बचते रहे हैं, जिनसे उनके मतभेद थे। उन्होंने तर्क दिया कि संवाद से इनकार करने से कभी संघर्षों का समाधान नहीं हुआ और न ही शांति स्थापित करने में मदद मिली। उनके अनुसार, तीनों नेता विवादास्पद अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर सीधे बातचीत कर और सहयोग की संभावनाएं तलाशकर अलग दृष्टिकोण अपना रहे हैं। परमाणु सुरक्षा को प्रमुख प्राथमिकता बताते हुए श्री ट्रंप ने कहा कि अमेरिका, रूस और चीन अपने परमाणु हथियारों के जखीरे में कटौती तथा परमाणु हथियारों के इस्तेमाल का जोखिम कम करने पर चर्चा करने की विशिष्ट स्थिति में हैं। उन्होंने कहा, ÷इनकी शक्ति अविश्वसनीय और अकल्पनीय है। श्री ट्रंप ने कहा कि परमाणु निरस्त्रीकरण मुश्किल बना हुआ है, क्योंकि देश उन हथियारों को छोड़ने के इच्छुक नहीं होते, जिन्हें वे अपनी सुरक्षा के लिए आवश्यक मानते हैं। उन्होंने परमाणु हथियारों के प्रसार का खतरा रोकने के लिए तीनों शक्तियों के बीच सहयोग के महत्व पर भी जोर दिया। श्री ट्रंप ने दोहराया कि अमेरिका ईरान को परमाणु हथियार हासिल नहीं करने देगा। उन्होंने कहा कि वह दुनिया में वास्तव में चर्चा के सभी प्रमुख मुद्दों पर बातचीत करेंगे। यूक्रेन संघर्ष पर श्री ट्रंप ने कहा कि उन्होंने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ लंबी बातचीत की है और युद्ध समाप्त करने के संभावित रास्तों पर विचार करेंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि संघर्ष में शामिल पक्ष युद्ध समाप्त करने के लिए तैयार होंगे और लगातार कूटनीतिक बातचीत से प्रगति हासिल की जा सकती है। श्री ट्रंप ने कहा, ÷हम रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध पर चर्चा करने जा रहे हैं और इस बारे में पहले ही बात कर चुके हैं। राष्ट्रपति पुतिन और मैंने आज काफी देर तक बातचीत की है।उन्होंने अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं की भूमिका पर भी चिंता जताई। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) सहित उन संगठनों से राष्ट्रीय संप्रभुता की रक्षा के उपाय प्रस्तावित करने की बात कही, जिन्हें उन्होंने अनियंत्रित वैश्विकतावादी संगठन÷ बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि आईसीसी ने अपने अधिकार क्षेत्र का अतिक्रमण किया है और कहा कि यह मुद्दा भी तीनों देशों के बीच सहयोग का एक अन्य क्षेत्र हो सकता है। श्री ट्रंप ने चीन के शहर शेनझेन की भी सराहना की और पिछले चार दशकों में इसके विकास को उल्लेखनीय बताते हुए इसे दुनिया के प्रमुख शहरों में से एक करार दिया। यह बैठक ऐसे समय हुई है, जब भू-राजनीतिक तनाव, परमाणु सुरक्षा को लेकर बढ़ती चिंताएं और रूस-यूक्रेन युद्ध जारी हैं। अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा व्यवस्था को आकार देने में तीनों देशों की महत्वपूर्ण भूमिका है।



संघ शताब्दी वर्ष पर आयोजित जम्मू कश्मीर चुनौतियां और संघ पुस्तक लोकार्पण समारोह आयोजित



राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने कहा कि सहनशीलता, नैतिकता के गुणों का समावेश जीवन में जरूरी है। उन्होंने कहा कि गांव–गांव में चरित्र निर्माण का कार्य किए जाने की आवश्यकता है। चरित्र निर्माण का कार्य जब होगा, तभी देश पूर्व की भांति समृद्ध और संपन्न होगा। उन्होंने वेद, उपनिषद, रामायण, महाभारत आदि की चर्चा करते हुए कहा कि विश्व के यह ऐसे ग्रंथ है जो नैतिकता, धैर्य और मर्यादा का पाठ पढ़ाते हैं। श्री बागडे गुरुवार को दिल्ली के कांस्टीटयूशनल क्लब में संघ शताब्दी वर्ष पर आयोजित जम्मू कश्मीर चुनौतियां और संघ पुस्तक लोकार्पण समारोह में संबोधित कर रहे थे। समारोह में प्रधानमंत्री कार्यालय में केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह राज्य ने भी सम्बोधित किया। राज्यपाल श्री बागडे ने कहा कि जिन्हें संस्कृति, देश के धर्म, ऋषि–मुनियों के त्याग का भान नहीं वे भारत को समझ ही नहीं सकते। उन्होंने दुनिया में भारत के गौरव को बढ़ाने के लिए कार्य करने का आह्वान किया। राज्यपाल ने कहा कि भारतीय संस्कृति, देशभक्ति और नैतिक मूल्यों में विश्वास रखने वाला राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विश्व का पहला ऐसा संगठन है जो सौ वर्षों की यात्रा पूर्ण करने के बाद भी निरंतर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि देश में स्वयंसेवकों की कभी कमी नहीं रहती और हर वर्ष देश के लिए काम करने वालों की संख्या बढ़ती जाती है। उन्होंने वर्ष 1920 के कांग्रेस सम्मेलन की चर्चा करते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के डॉ. हेडगेवार इसमें सम्मिलित हुए थे। महर्षि अरविंद को तब कांग्रेस का अध्यक्ष बनने के लिए आग्रह किया गया था। महर्षि अरविंद ने कहा कि स्वतंत्रता तो भारत को जल्द मिलने वाली है परन्तु उसे संभालने और राष्ट्रप्रेम जगाने वाले ऐसे लोगों की देश को जरूरत है जो तन और मन से, विचारों से भारत भूमि के लिए कार्य कर सके ताकि फिर से देश गुलामी की राह पर न जाए। डॉ. हेडगेवार ने उनके इस सुझाव पर ही पांच साल बाद 1925 में डॉ. हेडगेवार ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संगठन की स्थापना की। राज्यपाल ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक बहुत कष्ट उठाकर भी राष्ट्र के लिए निरंतर समर्पित रहकर सेवा करते रहे हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक राष्ट्र के लिए, समाज के लिए निरंतर कार्य करता है। उन्होंने कहा कि प्रचारकों ने आजन्म जो कष्ट सहे, उसी का फल आज हम समृद्ध भारत के रूप में देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत आजादी से पहले बहुत समृद्ध–संपन्न राष्ट्र था। स्वयं लार्ड मैकाले ने इस बात को स्वीकारा था कि भारत में नैतिकता और आदर्श मूल्य हैं। उन्हें अधिक समय तक गुलाम रखना है तो उनकी शिक्षा पद्धति बदलकर अपने मूल्यों से अलग करना होगा। यही बाद में किया गया। देश के वास्तविक इतिहास तक से नई पीढी को अंग्रेजी शिक्षा पद्धति ने दूर रखा। उन्होंने कहा कि अंग्रेजो ने देश के उद्योग धंधे बंद कर राष्ट्रवासियों को भूखे मरने की स्थितियां पैदा की।

लोकमंथन'-2026 की स्वागत समिति की बैठक-प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में राष्ट्रीय चेतना के लिए हो रहे ऐतिहासिक कार्य



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि लोकमंथन भारत की सांस्कृतिक चेतना और लोकजीवन की परंपराओं का उत्सव है तथा राजस्थान की धरा पर इसका आयोजन प्रदेश के लिए गौरव का क्षण है। उन्होंने कहा कि बदलते सामाजिक परिवेश में अपनी सांस्कृतिक पहचान और मूल्यों को संरक्षित करना आवश्यक हो गया है। ऐसे में इस लोकमंथन कार्यक्रम के माध्यम से देशभर के विचारकों, विद्वानों और समाज के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोगों को विचार-विमर्श का साझा मंच मिलेगा।

भारतीय संस्कृति में परंपरा एवं अनुशासन विशेष महत्व

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय संस्कृति में प्रत्येक मांगलिक एवं धार्मिक आयोजन के पीछे विशेष उद्देश्य और सामाजिक संदेश निहित होता है। उन्होंने विवाह की परंपरा का उदाहरण देते हुए कहा कि बहन-बेटियों द्वारा देहरी पूजन की परंपरा परिवार और समाज के बीच संबंधों को मजबूत करने का माध्यम भी है। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति में जीवन का प्रत्येक पक्ष परंपरा, अनुशासन और विशेष भाव से जुड़ा हुआ है। मंदिरों में अलग-अलग पहरों से लेकर विवाह समारोहों में अलग-अलग समय के अनुसार मांगलिक गीत गाए जाते हैं। लेकिन समय के साथ हमारी अनेक लोक परंपराएं और सांस्कृतिक अभिव्यक्तियां विस्मृत होती जा रही हैं। आज आवश्यकता है कि हम अपनी इन परंपराओं को समझें, संजोएं और अगली पीढ़ी तक पहुंचाएं। मुख्यमंत्री गुरुवार को जवाहर कला केन्द्र में लोकमंथन-2026 की स्वागत समिति की बैठक को बतौर अध्यक्ष संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लोकमंथन का मूल भाव राष्ट्र प्रथम के विचार को केंद्र में रखते हुए हमारी गौरवशाली संस्कृति, परंपराओं और ज्ञान विरासत को आगे बढ़ाना है। इस आयोजन के माध्यम से राष्ट्रीय चेतना और परंपराओं को जन-जन तक पहुंचाने के साथ ही आने वाली पीढ़ी को अपने गौरवशाली अतीत और संस्कारों से परिचित करवाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को गुलामी की मानसिकता से मुक्त करने के लिए कर्तव्य पथ, नए संसद भवन और सेवा तीर्थ जैसे महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। उनकी प्रेरणा से ही राज्य सरकार ने 30 मार्च की जगह प्रतिवर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को राजस्थान दिवस मनाने की शुरुआत की है। इसी तरह हमारी सरकार ने माउण्ट आबू का नाम आबूराज किया है। वहीं, वेद विद्यालयों के अध्यापकों का मानदेय बढ़ाने और गौ संरक्षण के लिए गौशालाओं को करीब 4 हजार करोड़ रुपये का अनुदान भी दिया।

सियोल घोषणापत्र पर मुख्य सचिव ने किए हस्ताक्षर, सामाजिक नवाचार और संसाधनों के जवाबदेह उपयोग पर जोर

राजस्थान के मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास ने अंतरराष्ट्रीय प्रशासनिक विज्ञान संस्थान (आईआईएएस) के अध्यक्ष के रूप में गुरुवार को सियोल घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए। कोरिया गणराज्य के सियोल में आयोजित आईआईएएस 2026 सम्मेलन के दौरान उन्होंने लोक प्रशासन संस्थाओं और भागीदार संगठनों के प्रमुखों के साथ आर्थिक विकास को लोगों के जीवन में स्थायी सुधार से जोड़ने की साझा प्रतिबद्धता जताई। घोषणापत्र की पांच प्राथमिकताओं पर प्रकाश डालते हुए श्री वी. श्रीनिवास ने कहा कि आर्थिक विकास का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंचना चाहिए। इसके लिए सरकार की सक्रिय भूमिका के साथ उद्योग जगत, शैक्षणिक संस्थानों, नागरिक समाज और स्थानीय समुदायों के बीच सहयोग जरूरी है। उन्होंने नीति निर्माण में नागरिकों और जमीनी स्तर पर काम करने वाले कार्मिकों की सार्थक भागीदारी पर भी जोर दिया। सामाजिक नवाचार का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि सामाजिक समस्याओं के सफल समाधानों की पहचान कर उन्हें व्यापक स्तर पर अपनाने की जरूरत है। कानूनी, संस्थागत और प्रशासनिक व्यवस्थाओं में सुधार से इस प्रक्रिया को गति दी जा सकती है। टेक्नोलॉजी और डेटा का जिम्मेदारी से उपयोग भी इन प्रयासों को मजबूत बनाने में सहायक होगा। श्री वी. श्रीनिवास ने संयुक्त अध्ययन, नीतिगत संवाद और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ज्ञान एवं अनुभवों के आदान-प्रदान के जरिए शोध को प्रशासनिक कामकाज से जोड़ने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक और निजी संसाधनों को ऐसी पहलों में लगाया जाना चाहिए, जिनसे समाज को मिलने वाले लाभों का ठोस आकलन किया जा सके। इसके लिए विश्वसनीय मूल्यांकन, पारदर्शिता और जवाबदेही महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने बताया कि भागीदार संस्थाएं इन सिद्धांतों को व्यावहारिक सहयोग में बदलने और अपनी प्रगति साझा करने का प्रयास करेंगी। राजस्थान के लिए यह सहभागिता जनसेवाओं और जनशिकायतों के निस्तारण से जुड़े अपने अनुभव अंतरराष्ट्रीय मंच पर रखने तथा दूसरे देशों की प्रभावी कार्यप्रणालियों से सीखने का अवसर प्रदान करती है। कियरन बॉयल (ओबीई) ने भी घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए।



रक्षिता रामराज पूर्व ओलंपिक चैंपियन चेन युफेई को हराकर क्वार्टर फाइनल में

भारत की रक्षिता रामराज ने गुरुवार को टोक्यो 2020 ओलंपिक चैंपियन चेन युफेई को हराकर हांगकांग ओपन 2026 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। दुनिया की 47वें नंबर की भारतीय शटलर ने दूसरी वरीयता प्राप्त और विश्व नंबर चार खिलाड़ी को हराया। रक्षिता ने बीडब्ल्यूएफ सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना की नंबर 4 चेन युफेई को 45 मिनट में प्री-क्वार्टर फाइनल मैच में 21-18, 24-22 से हराया। 19 वर्षीय भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी, जिसने शुरुआती दौर में डेनमार्क की 20वें नंबर की खिलाड़ी मिया ब्लिचफेल्ट को हराया था, अपने पहले बीडब्ल्यूएफ सुपर 500 क्वार्टर फाइनल में पहुंची और शीर्ष -10 प्रतिद्वंद्वी पर अपनी पहली जीत दर्ज की। इस साल की शुरुआत में कोरिया मास्टर्स सेमीफाइनल में पहुंचने वाली रक्षिता 2017 में इंडोनेशिया की ग्रेगोरिया मारिस्का तुनजुंग के बाद चेन युफेई को हराने वाली दुनिया की शीर्ष 30 से बाहर रैंकिंग वाली पहली खिलाड़ी बन गईं। रक्षिता ने अपनी जीत के बाद कहा, वह मेरी सबसे बड़ी आदर्श हैं और मुझे अभी भी विश्वास नहीं हो रहा है कि मैंने उनके खिलाफ जीत हासिल की है। रक्षिता ने शुरुआत में खुद को शुरुआती गेम में 5-2 से पीछे पाया लेकिन नियंत्रण पाने के लिए संघर्ष किया। दूसरे गेम में भारतीय युवा खिलाड़ी ने असाधारण वापसी की। 15-5 से पीछे रक्षिता ने धीरे-धीरे अंतर कम किया और खुद को मुकाबले में बनाए रखा। रक्षिता ने स्वीकार किया, ÷दरअसल, मैं तीसरे गेम की तैयारी कर रही थी।÷ उन्होंने बताया कि भारी कमी के बावजूद उन्होंने लड़ना जारी रखा। 019 बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप सेमीफाइनल में पीवी सिंधु की जीत के बाद एक पूर्ण मैच में चेन युफेई को हराने वाली पहली भारतीय बनने के लिए उन्होंने अंततः 24-22 से जीतने से पहले दो गेम पॉइंट बचाए। सिंधु ने इस साल जुलाई में जापान ओपन में चेन युफेई को भी हराया था, जब चीनी शटलर हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण रिटायर हो गई थी, जबकि भारतीय खिलाड़ी सेमीफाइनल में 21-19, 15-10 से आगे थी। रक्षिता का सामना विश्व नंबर 8 खिलाड़ी पोर्नपावी चोचुवोंग से शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल में होगा । इस बीच, लक्ष्य सेन ने पुरुष एकल प्री-क्वार्टर फाइनल में डेनमार्क के रासमस गेम्के को 21-11, 21-18 से हराकर अपनी जीत का सिलसिला 12 मैचों तक बढ़ा दिया। भारतीय अब 2026 सीज़न में फ्रांस के एलेक्स लानियर की 14 मैचों की जीत की बराबरी करने से केवल दो जीत दूर है। क्वार्टर फाइनल में लक्ष्य का मुकाबला सिंगापुर के पूर्व विश्व चैंपियन लोह कीन यू से होगा।

चीन-अमेरिका संबंधों में रणनीतिक स्थिरता के लिए कार्ययोजना बनाने पर शी-ट्रंप सहमत



चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को द्विपक्षीय संबंधों में रणनीतिक स्थिरता वाले रचनात्मक संबंध विकसित करने के लिए कार्ययोजना तैयार करने पर सहमति जताई। दोनों नेताओं ने व्यापार, ताइवान और सुरक्षा से जुड़े मतभेदों के बावजूद संबंधों में सकारात्मक गति बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर दिया है। एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपेक) के आर्थिक नेताओं की बैठक से इतर शेन झेन में हुई वार्ता में श्री जिनपिंग ने कहा कि दोनों देशों ने दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच संबंधों के प्रबंधन के लिए आपसी सम्मान, निष्पक्षता और पारस्परिकता पर आधारित एक नया दृष्टिकोण विकसित करने की दिशा में मिलकर काम किया है। द्विपक्षीय संबंधों की मौजूदा दिशा को सकारात्मक बताते हुए श्री जिनपिंग ने कहा कि इनकी समग्र स्थिरता से चीन और अमेरिका के लोगों को ठोस लाभ मिला है तथा दुनिया में स्थिरता और निश्चितता आई है। उन्होंने कहा, मैं राष्ट्रपति श्री ट्रंप के साथ मिलकर चीन-अमेरिका संबंधों की कमान संभालते रहने और यह सुनिश्चित करने के लिए उत्सुक हूं कि यह विशाल जहाज हमेशा सही दिशा में आगे बढ़े और पूरी गति से अपनी यात्रा जारी रखे। श्री जिनपिंग ने रणनीतिक स्थिरता वाले रचनात्मक संबंध स्थापित करने के प्रयास को अभूतपूर्व और ऐतिहासिक पहल बताया। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों को दोनों नेताओं के बीच बनी सहमति को ठोस नतीजों में बदलने के लिए निरंतर प्रतिबद्धता और व्यावहारिक कदम उठाने होंगे। उन्होंने कहा कि दोनों सरकारों के बीच संवाद द्विपक्षीय संबंधों में हो रहे बदलावों के अनुरूप होना चाहिए। श्री शी ने दोनों पक्षों से आग्रह किया कि वे ÷सहयोग के मुद्दों की सूची लंबी और समस्याओं की सूची छोटी करें। उन्होंने कहा कि जिन मतभेदों का तत्काल समाधान संभव नहीं है, उन्हें रचनात्मक तरीके से संभालना चाहिए, ताकि तनाव बढ़ने से रोका जा सके। श्री शी ने संबंधों में किसी भी तरह की गिरावट से बचने के लिए संवाद बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर दिया। ताइवान के मुद्दे पर श्री शी ने अमेरिका से सही काम करते रहने का आग्रह किया और ऐसी किसी भी कार्रवाई के खिलाफ चेतावनी दी, जिससे द्विपक्षीय संबंधों को बड़ा झटका लग सकता है। दूसरी ओर, श्री ट्रंप ने कहा कि अमेरिका ताइवान की स्वतंत्रता का समर्थन नहीं करता है। उन्होंने दोनों देशों के बीच सहयोग जारी रखने की भी पैरवी की। चीनी राष्ट्रपति ने दोनों देशों की चिंताओं का समाधान करने और पारस्परिक लाभ वाले नतीजे हासिल करने के लिए आर्थिक एवं व्यापारिक संवाद मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने मादक पदार्थों की तस्करी रोकने, अवैध प्रवासियों को वापस भेजने तथा दूरसंचार और साइबर धोखाधड़ी से निपटने में सहयोग का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि आपसी सम्मान और पारस्परिकता के आधार पर इन प्रयासों का विस्तार किया जा सकता है। उन्होंने आर्टि फिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के क्षेत्र में बेहतर समन्वय की आवश्यकता पर भी जोर दिया, विशेष रूप से सुरक्षा जोखिमों को रोकने और यह सुनिश्चित करने के लिए कि एआई मानव नियंत्रण में रहे। श्री ट्रंप ने चीन की मेजबानी के लिए आभार जताया और श्री जिनपिंग के साथ अपने संबंधों को लगातार अधिक करीबी बताया। उन्होंने कहा कि दोनों नेताओं के बीच व्यक्तिगत बातचीत ने द्विपक्षीय संबंधों की दिशा तय करने में मदद की है। श्री ट्रंप ने कहा कि चार दशक से अधिक समय पहले राजनयिक संबंध स्थापित होने के बाद से दोनों देशों ने महत्वपूर्ण प्रगति की है और उनके बीच व्यापार तथा निवेश का विस्तार जारी रहा है। उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों की सकारात्मक गति बनाए रखने और कृषि उत्पादों, ऊर्जा तथा सुपर इंटेलिजेंस के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों की चिंताओं का निष्पक्ष तरीके से समाधान किया जाना चाहिए। श्री ट्रंप ने कहा, अमेरिका बहुत शक्तिशाली है। चीन भी बहुत शक्तिशाली है। दुनिया में शांति और स्थिरता का नेतृत्व करने तथा उसे बढ़ावा देने के लिए हमारे दोनों देशों को मिलकर काम करना होगा।÷ दोनों नेताओं ने आपसी हित के क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर भी चर्चा की। बैठक को सकारात्मक और रचनात्मक बताते हुए दोनों पक्षों ने रणनीतिक स्थिरता वाले संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए कार्ययोजना तैयार करने, राष्ट्रपतियों के बीच बनी सहमति लागू करने और आपसी सम्मान, निष्पक्षता तथा पारस्परिकता के आधार पर संबंध विकसित करने पर सहमति जताई।

भारत-जापान रक्षा सहयोग को मिलेगी नयी गति, समुद्री सुरक्षा और मिसाइल प्रौद्योगिकी पर बनी सहमति - राजनाथ



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जापान के साथ रक्षा और सुरक्षा सहयोग को और मजबूत करने पर जोर दिया है। श्री सिंह ने गुरुवार को जापान की राजधानी टोक्यो में भारत-जापान विदेश और रक्षा मंत्रियों की चौथी टू प्लस टू वार्ता के बाद कहा कि दोनों देश समुद्री सुरक्षा, मिसाइल प्रौद्योगिकी, अंडरवाटर तकनीक और रक्षा उद्योग के क्षेत्र में सहयोग को तेजी से आगे बढ़ायेंगे। दोनों पक्षों ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति और समृद्धि के लिए इस साझेदारी को अहम बताया। श्री सिंह ने कहा कि दोनों देशों के बीच रक्षा और सुरक्षा साझेदारी में लगातार प्रगति हो रही है। इस दौरान भारत में हुए वीर गार्जियन 26 वायुसेना अभ्यास में पहली बार जापान के लड़ाकू विमानों की भागीदारी का स्वागत किया गया। बैठक में बीते 13 अक्टूबर को टोक्यो में आयोजित तीसरे भारत-जापान रक्षा उद्योग मंच का भी स्वागत किया गया। दोनों देशों ने हवाई और अंतरिक्ष क्षेत्र की निगरानी में सहयोग आगे बढ़ाने पर चर्चा की। दोनों पक्षों ने समुद्री सुरक्षा सहयोग से जुड़े समझौते को जमीन पर उतारने पर सहमति जतायी। इसके तहत समुद्री और हवाई निगरानी, खोज एवं बचाव अभियान और सूचनाओं के आदान-प्रदान में सहयोग बढ़ाया जायेगा। रक्षा मंत्री ने कहा कि दोनों देश डिजाइन विद जापान, मेक इन इंडिया के तहत रक्षा उत्पादन में सहयोग मजबूत करने की दिशा में काम करेंगे। इसके अलावा अंडरवाटर, मिसाइल और विशेष तकनीकों में सहयोग तेज करने पर सहमति बनी। बैठक में दोनों देशों ने एक-दूसरे को जहाज मरम्मत की सुविधाएं देने से जुड़े समझौते को जल्द पूरा करने और समुद्री बारूदी सुरंगों से निपटने की क्षमता बढ़ाने पर भी सहमति जतायी। क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचार साझा करते हुए दोनों देशों ने अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुरूप विवादों के शांतिपूर्ण समाधान की जरूरत पर जोर दिया। भारत और जापान के राजनयिक संबंधों की स्थापना के अगले वर्ष 75 वर्ष पूरे हो जायेंगे।

मोदी ने विकसित भारत के लिए उद्यमियों से की आत्मनिर्भरता को बढावा देने की अपील

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को देश के उद्यमियों से एक बार फिर आत्मनिर्भरता के लिए काम करने और उन सेक्टरों में निवेश करने की अपील की जिनमें देश आयात पर निर्भर है। श्री मोदी ने उद्योग मंडल फिक्की के 100 साल के मौके पर संगठन की वार्षिक आम सभा को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे दौरा में जब संसाधनों के व्यापार में उन्हें हथियार की तरह इस्तेमाल किया जा रहा है, देश को सुरक्षित रखने के लिए जरूरी क्षमता पर काम करने की जरूरत है। उन्होंने अगले 20 साल में विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने के लिए उद्योग जगत से हर फैसले में ÷इंडिया फर्स्ट÷ की भावना से काम करने की अपील की। प्रधानमंत्री ने कहा कि फार्मा, इस्पात, एल्यूमीनियम, खनिज और कृषि उत्पादों जैसे कई क्षेत्र हैं जिनमें आत्मनिर्भर बनने की जरूरत है। साथ ही निर्यात बढ़ाने के लिए वैश्विक ग्राहकों की जरूरत को समझने और उनके लिए उत्पाद तैयार करने तथा घरेलू ग्राहकों के लिए वैश्विक गुणवत्ता के उत्पाद तैयार करने की अपील की। उन्होंने कहा कि भारत गेहूं का निर्यात करता है जबकि ब्रेड आयात करता है। बॉक्साइट के भंडार होने का बाद भी विशिष्ट श्रेणी के एल्युमीनियम का आयात होता है। लौह अयस्क का निर्यातक होने के बावजूद हम तैयार इस्पात का आयात करते हैं। फार्मा उद्योग में एपीआई, बल्क ड्रग और ड्रग इंटरमीडिएट पर हर साल अरबों डॉलर की विदेशी मुद्रा खर्च होने का उल्लेख करते हुए उन्होंने उद्योग जगत से आत्मचिंतन करने के लिए कहा कि इनमें से कौन से इंग्रेडिएंट देश में बन सकते हैं। पिछले 12-13 साल के दौरान कारोबार की आसानी के लिए बनाई गई नीतियों को रेखांकित करते हुए श्री मोदी ने कहा, पूंजी निर्माताओं का सम्मान करके ही देश आगे बढ़ सकता है, उन्हें दिन-रात गालियां देकर नहीं। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार ने कॉर्पोरेट कर की दर 30 प्रतिशत से घटाकर 22 प्रतिशत कर दी है। बारह लाख रुपये तक की आय को कर-मुक्त कर दिया है। इससे लोगों की क्रय शक्ति बढ़ी है। उन्होंने पूछा कि क्या उद्योग जगत ने अपने कर्मचारियों का वेतन बढ़ाया, क्या कर्मचारियों की संख्या बढ़ाई। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में देश के युवाओं, किसानों और उद्यमियों ने स्थिति बदली है। भारत फेजाइल फाइव से बाहर निकलकर दुनिया में सबसे तेज गति से प्रगति करने वाला देश बन गया है। गरीबी से बाहर निकलने की रफ्तार भी सबसे तेज रही है। विश्व बैंक की हालिया रिपोर्ट का हवाला देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 12-13 साल में 50 करोड़ से अधिक लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं। उन्होंने कहा कि गरीबी हटाओ का नारा 1970 के दशक में दिया गया था। उस समय देश की आबादी ही 50 करोड़ थी। यदि तत्कालीन सरकार चाहती तो गरीबी तब भी हट सकती थी, लेकिन ÷तब नीतियों में कमी रही, और नीयत में भी कमी रही। अगले 20 साल के लिए उद्योग जगत को लक्ष्य देते हुए श्री मोदी ने मिलकर योजना तैयार करने, दुनिया की जरूरत को समझने और उसके अनुरूप निर्यात के लिए उत्पाद तैयार करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि भारत के उत्पाद दुनिया में देश की पहचान बनने चाहिए। वैश्विक कृषि निर्यात में देश की हिस्सेदारी मात्र 2.5 प्रतिशत है। हैंड टूल और पावर टूल निर्यात में हिस्सेदारी काफी कम है। मशीनरी विनिर्माण और पैकेजिंग उपकरण निर्माण में हम पीछे हैं। इन सभी क्षेत्रों में काफी अवसर हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 100 साल में देश के उद्योग जगत ने आगे बढ़ने में काफी काम किया है। इसी का परिणाम है कि अक्टूबर में देश का माल निर्यात 50 अरब डॉलर के पार पहुंच गया। इसके बावजूद कई ऐसे क्षेत्र हैं जिनमें अब भी काफी संभावना है।

विधानसभा अध्यक्ष ने किया अजमेर उत्तर में 51 लाख रुपये की लागत से दो स्थानों पर सड़क निर्माण कार्यों का शुभारम्भ

अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने गुरुवार को अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में 51 लाख रुपये की लागत से होने वाले सड़क निर्माण कार्यों का शुभारम्भ किया। श्री देवनानी ने विधायक कोष से वार्ड संख्या 80 स्थित खाटू श्याम कॉलोनी की गली नम्बर एक में मंजू शर्मा वाली गली में 21 लाख रुपये की लागत से सड़क निर्माण कार्य का शुभारम्भ किया। इसी विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने गुरुवार को अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में 51 लाख रुपये की लागत से होने वाले सड़क निर्माण कार्यों का शुभारम्भ किया। श्री देवनानी ने विधायक कोष से वार्ड संख्या 80 स्थित खाटू श्याम कॉलोनी की गली नम्बर एक में मंजू शर्मा वाली गली में 21 लाख रुपये की लागत से सड़क निर्माण कार्य का शुभारम्भ किया।जीवन को सुगम सुगम बनाना है। सड़कें किसी भी क्षेत्र की जीवनरेखा होती हैं।

श्रीडूंगरगढ़ कृषि मंडी से सभी जिंसो के ताजा भाव

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 20 नवंबर 2026। श्रीडूंगरगढ़ मंडी में गुरूवार को मूंगफली की आवक बढ़ी वहीं उसी रफ्तार में लगातार बढ़ रहें है। सिकाई मूंगफली की आवक कम है परंतु भाव 9 हजार पार हो गए। वहीं ग्वार, मोठ व तिल के भावों में भी सुधार दर्ज हुआ है।

नई खल - 4100/- 4400/-
ग्वार 8100/- 8181/-
ग्वार काला - 7000/- 7900/-
मोठ नया- 8500/- 8951/-
मोठ -6800/-7500
चना- 6700/- 7000/-
रूसी चना- 6600/- 7200/-
मैथी नई- 6800/- 7500/ -
गेहूं - 2700/- 2750/-
गेहूं1482 - 2800/- 3500/-
बाजरी - 2700/- 2850/-
बाजरी देसी- 4000/-5000
तारामीरा नया- 5000/- 5700/-
सरसों नई - 7100/- 7900/-
पीली सरसों - 6800/-7500
खडबा सरसों -आवक नहीं है।
ईसबगोल नया- 13000/- 15700/-
पैकेट ईसबगोल 16500/- 17800/-
जीरा नया- 24500/- 26000/-
मूंग नया- 7000/- 8000/-
मूंग -6000/-7000/-
मूंगफली खला नया - 6500/- 8401/-
सिकाई मुंगफली -8000/-9400
मूंगफली चुगा नया - 7000/- 8000/-
मूंगफली दाल - 7000/- 8000/-
मूंगफली कल्याणी - 5000/- 6000/-
मूंगफली बोबरू - 4500/- 6000/-
मूंगफली गोटा फेश - 8000/- 9000/-
तिल- 11000/- 12000/-
जौ नया- 2700/- 3000/-
मूंग चूरी - 40,1300/- 1400/-
मोठ चूरी- 40, 1100/- 1250/-
नया धाना - 12500/-16500/-

भारती निकेतन स्कूल, श्रीडूंगरगढ़ (बीकानेर) No.1 SCHOOL

IIT Advanced Result 2026



AIR-603 (GEN-EWS) PANKAJ SHARMA S/o Ravataram Sharma CLASSROOM FOUNDATION STUDENT 2025
AIR-901 (OBC) MRIDUL VERMA S/o Sanjay Verma CLASSROOM FOUNDATION STUDENT 2025
AIR-2683 (GEN-EWS) SUBHAM BOTHRA S/o Pramod Kumar Bothra CLASSROOM STUDENT 2026

218 विद्यार्थी 90% से ऊपर
वर्ष 2020 एवं 2026 में
2 बार राजस्थान टॉपर के साथ
IIT Advanced में सलेक्शन

1st RAJASTHAN TOPPER
500/500
Hindi 100/100 English 100/100 Physics 100/100 Chemistry 100/100 Maths 100/100
भारती निकेतन के लाल का कमाल
Bhagirath 100.00%

4th STATE MERIT XII Sci. 99.00% Shubham Bothra
7th STATE MERIT XII Sci. 98.40% Licchman Bhari
7th STATE MERIT XII Sci. 98.40% Mukesh Singh
8th STATE MERIT XII Sci. 98.20% Rohit
8th STATE MERIT XII Sci. 98.20% Sunita
8th STATE MERIT XII ARTS 98.20% Garima Meena
9th STATE MERIT X 98.17% Vasudev Swami

यहां बनते हैं IITians, Doctors और Board Toppers
70144-44381